# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473893


विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/43/19 – 72 ,राँची/दिनांकः 25/11/2020

**शैक्षणिक सत्र 2020–22 में बी॰एड॰ पाठ्यक्रम (B.Ed. Course) में नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन, अंक पत्र अपलोड/संशोधन एवं साक्षात्कार से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना**

उच्च, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास, विभाग, उच्च शिक्षा निदेशालय, राँची के संकल्प ज्ञापांक–02/वि1–104/2017–1276 दिनांक 13.11.2020 द्वारा वैश्विक महामारी कोविड–19 को ध्यान में रखते हुए छात्रहित एवं राज्यहित में शैक्षणिक सत्र 2020–22 में नामांकन बी॰एड॰ प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2020 के प्राप्तांक आधारित मेधा–सूची के स्थान पर स्नातक के प्राप्तांक आधारित मेधा–सूची से किये जाने का निर्णय लिया गया है। उपरोक्त निर्णय के आलोक में शैक्षणिक सत्र 2020–22 के लिये बी॰एड॰ पाठ्यक्रम में नामांकन की अनुशंसा हेतु अर्हक परीक्षा के प्राप्तांक आधारित मेधा–सूची तैयार करने हेतु सभी ईच्छुक अभ्यर्थियों/संबंधित अभिभावकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि

1. वैसे अभ्यर्थी जो इस वर्ष की अर्हक परीक्षा में शामिल हुए हैं तथा ऑनलाईन आवदेन करते समय परीक्षाफल उपलब्ध नहीं रहने के कारण अभी तक वे अपना प्राप्तांक प्रतिशत दर्ज नहीं कर सके हैं, वे दिनांक 26. 11.2020 से 10.12.2020 तक पुनः लॉगइन (Login) कर प्राप्तांक प्रतिशत अवश्य दर्ज कर दें तथा अंक पत्र अपलोड कर दें। यह प्राप्तांक दर्ज करने का अंतिम अवसर है।
2. वैसे नामंकन के लिये ईच्छुक अभ्यर्थी जो पूर्व में किसी कारणवश बी॰एड॰ प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2020 में सम्मिलित होने के लिये ऑनलाईन आवेदन नहीं कर सके हैं, वे दिनांक 26.11.2020 से दिनांक 10.12.2020 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने का यह अंतिम मौका है।

ऑनलाईन आवेदन में दर्ज की गयी विवरणी यथा– प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि/कोटा के आधार पर मेधा–सूची तैयार की जायेगी जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि/कोटा, जन्म तिथि इत्यादि दर्ज रहेगी। संबंधित अभ्यर्थियों/अभिभावकों से आग्रह है कि सभी प्रविष्टियों की जाँच कर पूर्ण रूप से संतुष्ट हो लें। यदि इसमें किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता हो तो सुधार हेतु आवदेन निर्धारित तिथि 15.12.2020 से 18.12.2020 तक पर्षद कार्यालय के ई–मेल jceceboard@gmail.com पर अवश्य भेजें। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद सुधार हेतु प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। अंतिम मेधा–सूची के आधार पर ऑनलाईन साक्षात्कार के माध्यम से सीटों का आवंटन किया जायेगा। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को सीट आवंटन के अनुरूप वांछित प्रमाण पत्र/पत्रों की मूल–प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नामांकन से वंचित हो जायेंगे। वांछित प्रमाण–पत्रों के प्रारूप पर्षद के वेबसाईट के डाउनलोड कॉलम में उपलब्ध है।

**अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों को अपनी प्राथमिकता के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Online Counselling for Admission in B.Ed.-2020" Link में Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है। विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नही है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों को भरें।**

3. **आवेदन शुल्क (नये आवेदकों के लिये)** :– अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है:–

| क्रम सं0 | कोटि | आवेदन शुल्क |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य/आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वर्ग (EWS) | ₹ 1000/– |
| 2. | पिछड़ी जाति – I/पिछड़ी जाति – II (झारखण्ड राज्य के ) | ₹ 750/– |
| 3. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/सभी कोटि की महिला (झारखण्ड राज्य के ) | ₹ 500/– |
| 4. | दिव्यांग आवेदकों को आवेदन शुल्क देय नहीं | ----- |
| **नोटः** झारखण्ड राज्य के बाहर के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति – I/पिछड़ी जाति - II एवं महिला अभ्यर्थियों को सामान्य कोटि का आवेदन शुल्क देय होगा। आवेदन शुल्क अप्रतिदेय (non refundable) होगा। आवेदन शुल्क पर देय बैंक चार्ज का भी भुगतान अभ्यर्थियों को करना होगा। | | |

4. **साक्षात्कार शुल्कः**– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

| Sl.No. | Category | Counselling Fee |
|---|---|---|
| 1. | General/EWS/BC-I/BC-II | Rs. 400.00 |
| 2. | SC/ST/Female Candidate of all categories | Rs. 250.00 |

5. ऑनलाईन आवेदन, मेधा–सूची का प्रकाशन, ऑनलाईन साक्षात्कार एवं नामांकन से संबंधित प्रमुख तिथियाँ निम्नवत् हैं : –

**Time-Schedule for Online Application for B.Ed. – 2020**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Online Application/Edit and uploading of Marks Sheet | 26/11/2020 to 10/12/2020 |
| 2. | Publication of Provisional Merit List | 14/12/2020 |
| 3. | Objection on Provisional Merit List | 15/12/2020 to 18/12/2020 |
| 4. | Publication of Final Merit List | 21/12/2020 |

**Time-Schedule for Online Counseling for B.Ed. – 2020**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Starting date of Online Registration and Choice Filling for seat Allotment | 26/12/2020 |
| 2. | Mock Seat Allotment Result of choice fill up to 27/12/2020 (05:00 PM) | 31/12/2020 |
| 3. | Last date of Online Registration & Choice Filling for seat Allotment and locking | 02/01/2020 |
| 4. | Issue of Allotment Letter | 06/01/2021 to 15/01/2021 |
| 5. | Document Verification and Admission in Concern Institute | 06/01/2021 to 15/01/2021 |

आवेदन से संबंधित विज्ञापन संख्या–जे0सी0ई0सी0ई0बी0 / 43 / 19–15 दिनांक–31.01.2020 में निहित शेष नियम एवं शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा.प्र.से.)
उप परीक्षा नियंत्रक